कार्यालय, महाप्रबन्धक (जल),
जलकल विभाग, नगर निगम, बरेली
बरेली कॉलेज रोड, बरेली

कन्ट्रोल रूम नं० 7055519637,
1533
ई-मेल : gmjkbly@gmail.com

प्रेस विज्ञप्ति

पत्रांक : 64/ज०क०/म०प्र०/2025-26 दिनांक 07.05.2025

विभागीय हित में सूचित किया जाता है कि नगर निगम, बरेली की सीमा अन्तर्गत सीवर सैप्टिक टैंक की सफाई कार्य हेतु संचालित समस्त मशीनों/वाहनों (सक्शन मशीन एवं अन्य संबंधित वाहन) का पंजीकरण जलकल विभाग, नगर निगम, बरेली में कराया जाना अनिवार्य है।

नगर निगम क्षेत्र में संचालित सीवर एवं सैप्टिक टैंक सफाई वाहनों/मशीनों का पंजीकरण 03 दिवस में जलकल विभाग, नगर निगम, बरेली में करना अनिवार्य है।

निर्धारित तिथि के उपरान्त यदि कोई भी वाहन अथवा मशीन बिना पंजीकरण के नगर निगम सीमा क्षेत्र में सीवर अथवा सैप्टिक टैंक सफाई कार्य करते हुए पायी जाती है, तो उसके विरूद्ध नगर निगम अधिनियम एवं प्रचलित नियमों के अन्तर्गत कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा संबंधित वाहन/मशीन को तत्काल जब्त कर लिया जायेगा। इसके अतिरिक्त आवश्यक होने पर संबंधित संचालक/स्वामी के विरूद्ध विधिक कार्यवाही भी अमल में लायी जायेगी।

अत: सभी संबंधित वाहन स्वामी/संचालकों से अपेक्षा की जाती है कि वे समयान्तर्गत आवश्यक अभिलेखों सहित कार्यालय जलकल विभाग, नगर निगम, बरेली में उपस्थित होकर पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, जिससे भविष्य में किसी प्रकार की असुविधा अथवा दण्डात्मक कार्यवाही से बचा जा सके।

किसी भी प्रकार की जानकारी शिकायत अथवा पंजीकरण संबंधी सहायता हेतु कार्यालय समय में निम्न मोबाइल नंबरों पर सम्पर्क किया जा सकता है:-

मोबाईल नं०- 7055519610, 7055519611 एवं 7055519625

महाप्रबन्धक (जल)
जलकल विभाग